वर्तमान में भारतीय शेयर मार्केट की टॉप लिस्टेड 20कं. जो सूचकांक के लिए जिम्मेदार है, यदि शासकीय अंकेक्षकों की पेनल से अंकेक्षण करवाएं तो 50% से ज्यादा सच्चाइयों के सामने आने पर सूचकांकों के निर्धारण की सूची से बाहर करनी पड़ेगी।

प्रदेश के कंपनी रजिस्ट्रारों से लेकर देश की कंपनी मामलों की विधि मंत्रालय की समिति को चाहिए कि जिन मामलों में रुपए 100 करोड़ से ज्यादा का पूंजी निवेश हुआ है उन्हें कंपनियों के निर्धारित आंतरिक और बाहरी अंकेक्षकों के अतिरिक्त उनका विधि मंत्रालय द्वारा अंकेक्षकों की पैनल निर्धारित कर उनका आंतरिक और बाहरी अंकेक्षण भी करवाए सकती है।

भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान को अपनी आधारभूत परिभाषा- चार्टर्ड एकाउंटेंट केवल रखवाली करने वाला श्वान है। काटने या भौंकने के लिए नहीं को ही बदलकर चार्टर्ड एकाउंटेंट राष्ट्र और इसकी जनता, निवेशकों और शासकीय कानूनों की रक्षा करने वाला साथ ही जिस संस्था में नियुक्त किया गया है उसके लेखों की अनियमितता को दूर कर सभी के हितों की रक्षा करने, चौकसी करने वाला श्वान होना चाहिए। कर दी जानी चाहिए, क्योंकि उसकी कलम से लिखा गया हर शब्द जनता, निवेशकों, वित्तीय संस्थानों, शासकीय कानूनों के जीवन का आधार होता है। भारतीय चार्टर्ड एकांउटेंट संस्थान को इस जिम्मेदारी की समझ कर अपनी मूल परिभाषा और उद्देश्य से परिवर्तन आज नहीं तो कल करना ही होगा।

भारतीय कंपनी मामलों और विधि मंत्रालय के भी भारतीय कंपनी अधिनियम 1958 में भी इस प्रकार की जालसाजियों को रोकने, सार्वजनिक निर्गम वाली कंपनियों में जनता का धन लगा होने के कारण उस पर सूचना का अधिकार अधि. 2005 लगा दिया जाना चाहिए। ताकि न केवल निवेशक अंशधारी वरन, वित्तीय संस्थान भी उसके क्रियाकलापों पर नजर रख सकें। सत्यम जैसी जालसाजीपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

जहां तक चार्टर्ड एकाउटेंटों का सवाल है तो वह शासकीय कानूनों का रखवाला नहीं वरन् शासकीय कानूनों की खामियों का फायदा उठाने वाला अपनी कलम के झूठे प्रमाणीकरण से शासकीय संस्थाओं वित्तीय संस्थानों, निवेशकों के साथ ही कानूनी प्रक्रियाओं में कानून को धता बताते हुए अपनी अवैध कमाई करने वाला जालसाज सफेदपोश, कानूनी डकैत बन चुका है। जो कदम-कदम जाली प्रमाणपत्रों, जाली प्रमाणीकरण से अपनी कमाई कर शासकीय राजस्व में हर वर्ष अरबों रुपए की सेंध लगा रहा है और सबके साथ विश्वासघात कर रहा है।

भारत की बड़ी से बड़ी रिलायंस, टाटा, बिरला, भारती से लेकर छोटी से छोटी कंपनियों जो सार्वजनिक निर्गम या सार्वजनिकर पूंजी के निवेश के दम पर चल रही है का यदि शासकीय अंकेक्षकों की टीम से अंकेक्षण करवा दिया जाए तो न केवल अरबों रुपए की आयकर चोरी से लेकर कस्टम एक्साइज, विक्रय कर, सम्पत्तिकर तक की चोरियां न केवल पकड़ में आएगी, वरन कई रिलायंस भारती जैसे दिग्गज भी अर्श से फर्श पर आ जाएंगे। न केवल शासन में बैठे दिग्गजों, मंत्रियों, न्यायाधीशों वरन जनता के साथ मोबाइल फोन काल्स में जालसाजी से वसूली से लेकर सैकड़ों प्रकार के अन्य छलकपट, बिजली, पानी की चोरी से लेकर नगर निगमों, पालिकाओं के सम्पत्तिकर, मनोरंजनकर, होर्डिंग डिस्प्ले टेक्स, अवैध अरबों की सम्पत्तियों के राष्ट्रीय स्तर पर कर चोरी के मामले तक सामने आ जाएंगे। शेयर मार्केट में जो जाली लाभों की घोषणा आदि की पोल खुल जाएगी।

बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज इन सच्चाइयों को जानकर पहले कुछ समय तक कांपेंगा पर बाद में उसकी साख विश्व स्तर पर न केवल स्थापित हो सकेगी, वरन् अमेरिका जैसी बैंकों के दिवालिया होने की घटना भी मुश्किल से ही स्थान ले पाएगी।

ग्राम पंचायत पाड़ल्या की ओर से
राष्ट्र के गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच सचिव
ग्राम पंचायत पाड़ल्या जिला खंडवा

गणतंत्र दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत
मदनी
सरपंच, सचिव
उपसरपंच
सभी पंच

राष्ट्र के गणतंत्र दिवस पर जनपद पंचायत खालवा की ओर से
समस्त राष्ट्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष उपाध्यक्ष के.के. उके
जनपद पंचायत खालवा जि. खंडवा

रुपए 1902 करोड़ का अनुपूरक बजट और 100 दिन की कार्य योजना

3 माह में होगा वास्तविकता में रुपए 500 करोड़ का काम

म.प्र. की 13वीं विधानसभा के प्रथम सत्र में जो अनुपूरक मांगों के लिए रुपए 1902 करोड़ 94 लाख 38 हजार का अनुपूरक बजट स्वीकृत किया गया, ताकि चुनावी खर्चों की भरपाई की जा सके, निष्कर्ष में प्रदेश गया, ताकि चुनावी खर्चों की भरपाई की जा सके। निष्कर्ष में प्रदेश के अधिकारियों को ही अगर कमाई नहीं होगी तो कहां से चंदा देंगे। जोबट स्वीकृत किया गया उसके पश्चातवर्ती विश्लेषण पर एक झलक-

अन्य मदों में प्रावधान-निपटारा और डकारो

* मध्याह्न भोजन– रुपए 58 करोड़ योजना का क्या हश्र हो रहा सभी जिलों के सीईओ से लेकर ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिव को ही भोजन मिल जाए, ग्रामीण स्कूली बच्चों को ये लालच देकर भी स्कूलों की तरफ आकर्षित इसलिए नहीं किया जा सका, क्योंकि सरकारी सांडों जिसमें स्कूली शिक्षक भी थे स्वयं की भोजन व्यवस्था में लग गए।

* मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना- रुपए 12 करोड़ मजदूरों की सुरक्षा के नाम पर श्रम विभाग में बैठे सरकार और पांडे जैसे उपायुक्तों से लेकर श्रम निरीक्षकों तक चरने से कुछ बचे तो मजदूरों की सुरक्षा की बात उठे।

* बालिकाओं को सायकिलें- रुपए 17.42 करोड़ ग्रामीण बालिकाओं को स्कूल जाने के लिए दी जाने वाली सायकलों का ये पैसा जिला समन्वयक, सहायक आयुक्त जो आदिवासी जिलों में बैठे हैं से लेकर ग्रामीण स्कूलों के प्राचार्य झूठे व्हाउचर लगाकर ये पैसा भी पूरा डकार जाएंगे, क्योंकि अब जब शिक्षा सत्र समाप्ति पर है तो किसे सायकल देना है सायकलें तो जुलाई-अगस्त में बंटती है।

* लोकनायक जे.पी. सम्मान रुपए 8.75 करोड़- किसी को भी सम्मान देने से पूर्व ही सभी हरामखोर नेता और अधिझकारी सम्मान के पात्र व्यक्तियों का इतना अपमान कर चुके होते हैं, फिर सम्मान और पुरस्कारों के संबंध में इतनी टांग खिंचाई होती है कि सम्मान प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को इन धूर्त जालसाज नेताओं और अधिकारियों के चेहरों ने नफरत हो जाती है, यही नफरत इनको यह राशि डकारने का सुअवसर प्रदान कर देती है।

* मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान- रुपए 7 करोड़- मु.मं. शिवराज के चारों तरफ घेरे रखने वाले राक्षसों की फौज जिसमें नेता और अधिकारी होते हैं किसको स्वेच्छानुसार कहां और कब कागजों पर दिलवा कर डकार लेगी, वास्तविक हितग्राही इनाम। अनुदान के चक्कर में जिलाधीश कार्यालयों में बैठे जालसाजों की मीठी बातों में आकर कितना बर्बाद करेंगे, लुटाऐंगे यह इतिहास साक्षी है और इस आवंटित धन की बंदरबाट भविष्य के गर्भ में।

* लाड़ली लक्ष्मी योजना रुपए 10 करोड़- लाड़ली लक्ष्मी योजन में गरीब लड़कियों के जन्म पर रुपए 1 लाख की एफडी देने की योजना है अर्थात् रुपए 10 करोड़ में 1 हजार लड़कियों लखपति बनाई जाएंगी। पाठक जानते हैं कि इस सरकारी पैसे को वसूलने में या प्राप्त करने में कितने गरीब वस्त्रहीन कर देंगे, सरकारी कर्मचारी, स्वयं लखपति बनेंगे।

* सहकारी विकास योजनाएं रुपए 4 करोड़- म.प्र. के सहकारिता विभाग के भ्रष्टाचार से गांवों से लेकर शहरों तक के लोग जो इसका शिकार हुए हैं इसमें बैठे धूर्त जालसाजों से क्या और कैसी सहायता मिलती हैं।

* जनसंपर्क रुपए 17.48 करोड़- इस राशि का भरपूर सदुपयोग होगा, समाचार पत्रों को अपने कुकर्मों की सच्चाई उजागर न हो, इसके लिए अपनी प्रशंसा अपनी उपलब्धियों के आने वाले चुनाव के लिए विज्ञापन बांटकर इसमें श्री मनोज श्रीवास्तव जनसंपर्क आयुक्त अपने खास चहेतों को विज्ञापन बांटकर उपकृत करेंगे।

*विशेष पिछड़ी जनजातियों का विकास 27.55 करोड़- पिछले 60 वर्षों आदिवासियों और हरिजनों के विकास के नाम पर हजारों करोड़ डकारने के बाद आदिवासियों को लंगोटी से कपड़े नहीं पहना पाए- 3 माह में रुपए रुपए 27.55 करोड़ का तो मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव से लेकर जिलों के जिलाधीशों, नीचे जिलासंयोजकों और वहां बैठे गिद्ध महिला पुरुष बाबुओं, छात्रावासों के अधीक्षकों तक बैठी लंबी चौड़ी गिद्धों की फौज के लिए जो हजारों करोड़ हर साल डकारते हैं नास्ते के लिए भी पूरा नहीं पड़ेगा।

* भू-अभिलेखों का आद्यतन करना व ऋण पुस्तिका का निःशुल्क वितरण रुपए 10.23 करोड़ भू-राजस्व मे बैठे पटवारियो से लेकर नायब तहसीलदारों, तहसीलदारों, उपजिलाधीशों, सहायक जिलाधीशों, जिलाधीशो, इनके बाबुओं से वाचक, अधीक्षकों तक सबका खेल अभिलेखो मे हेरफेर जालसाजियों से कमाई का ही है, यह 6 दशाब्दियों में कभी अध्यापन नही हुआ तो कभी माह में इन श्वानों से कैसे उम्मीद की जा सकती है।

ये सब अन्य मदों में प्रावधान का वितरण था मुख्य मदों में-

रुपए 493 करोड़ बिजली के लिए- यह तो एक चमक में ही साफ हो जाएगा, फिर विद्युत मंडल में पांच कंपनियां बनाकर जबसे इंडियन एव्यूसिंग सर्विस के गिद्धों को मुख्यालय में बैठाया गया है, इन हरामखोरों ने अपनी लूटपाट और अवैध वसूलियों के चलते बर्बादी ही की है, जिस शाख पर बैठ जाए अंजामें गुलिस्ता क्या होगा, इस प्रदेश की जनता देश और विश्व भी इंटरनेट पर चमकने पर देख लेता है।

- रुपए 168 करोड़ खाद्यान्न के लिए- सत्ता के तंत्र में बैठे गिद्धों का पेट भर जाएगा, तो गरीबों को मिलेगा न ये वो पेटू हैं जिनका पेट 60वर्षों में नहीं भरा तो तीन माह में तो नास्ता भी नहीं कर पाएंगे, जाचे वो नागरिक आपूर्ति का एम.डी. विवेक अग्रवाल हो, सचिव प्रधान सचिव, जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, उचित मूल्य की दुकानों की समीतियां, सह. संस्थाएं आखिर मुखैरों की ये श्रृंखला को तो डकार आए।

- 90 करोड़ ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन- जहां अरबों रुपए की स्तरहीन शीघ्र समय बाधित होने वाली औषधियां कमीशन डकारने, उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए खरीदी जाती हों वर्षो से प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में डाक्टर्स ही न हो और उनका वेतन भी निकाल कर डकार लिया जाता हो, निजी चिकित्सालयों में ग्रामीण चिकित्सा करवाने में अपनी जमीनें गिरवी रखकर इलाज करवाएं इसके विपरीत उनकी चिकित्सा का अंत्योदय, दीनदयाल योजना में रुपए 20 हजार से डेढ़ लाख तक के इलाजों का पैसा सीएमओ और नर्सिंग होम्स डकार जाएं। वहां रुपए 90 करोड़ का क्या हश्र होगा पाठक अंदाज लगा लें।

- रुपए 212 करोड़ पेयजल के लिए- प्रदेश के कुछ जिले सूखे की चपेट में तो हैं ही विशेषतौर पर मालवा के जिलों और विंध्याचल के पठारी जिलों- पन्ना, छतरपुर, दमोह, सागर में भी शुद्ध से पानी की परेशानी रहती ही आई है। पानी पिलाने के नाम पर 212 करोड़ में अगले तीन माह में वास्तविखता में रुपए 52 करोड़ भी खर्च हो जाएं तो भगवान का भी जनता को धन्यवाद देना चाहिए। इससे लो.स्वा. यांत्रिकीय से लेकर 14 निगमों, 37 पालिकाओं, 250 से ज्यादा जनपद पंचायतों, 23000 से ज्यादा ग्राम पंचायतों को मिलने वाली अपनी **शेष पेज 2 पर**

शास. अधिकारियों ने पहले विधानसभा चुनाव में दिया अब लोकसभा में देंगे, उसके लिए ये अनुपूरक, पूर्तिकारक होगा

सहकार-अधिकारी मिलकर करो सदस्यों का बंटाढार

सहकारिता,सहकारिता विभाग है, जालसाज कर, सहकारिता में अधिकारी शोषण न करें, तो सर्वश्रेष्ठ व्यवसायिक संगठन 'बिन सहकारी नहीं उद्धार' सहकारिता कर सकती है, आसानी से सदस्यों का बेड़ा पार। इसके विपरीत सहकारिता के अध्यक्ष,सचिव, उपाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों की व्यक्तिगत लाभ कमाने की इच्छाएं जालजासियों और सदस्यों का शोषम ही जिनकी नियति हो तो फिर बन जाती है, लूटने का आधार।

सहकारी साख संस्थाओं, गृहनिर्माण संस्थाओं, ग्रामीण सहकारी संस्थाएं, सहकारी बैंकस, सहकारी दुग्ध उत्पादक बीज उत्पादक व अन्य सभी प्रकार शासकीय, सहकारी संस्थाएं के साथ अन्य सहकारी संगठनों में पदाधिकारियों पर जैसे ही भ्रष्टाचार से कमाई का भूत सवार होता है। वैसे ही धीरे-धीरे जालसायिों की शुरुआत हो जाती है। उसको वैधानिकता प्रदान करते चलते हैं। सहकारिता में बैठे जिला स्तर के अधिकारी पंजीयक, उपपंजीयक,अंकेक्षक, ये वो गिरोह होता है, जिन्हें सहकारितासंगठन में बैठे माफिया, गुंडों से पर्याप्त धन के बदले पूरा कानूनी संरक्षण, अंकेक्षण प्राप्त होता रहता है, जिसके चलते वे हर कदम-कदम सहकारिता के उन सदस्यों का भरपूर शोषण करते रहते हैं। अधिकांश साख, गृहनिर्माण, बैंकर्स जो बिना शासन के सहयोग के चलती है, 90% खाते, तुलन पत्र, चिट्ठा आदि तक सब जालसाजी और सहकारिता विभाग के अंकेक्षक को धन खिलाकर उसकी देखरेख में झूठे खर्चों, बिलों के आधार पर तैयार करवाए जाते हैं। चूंकि अंकेक्षक ने ही सब बनाए और बनवाए होते हैं। इसलिए ऐसी टिप्पणियां लिखी जाती हैं। अंकेक्षण प्रतिवेदन में जो आसानी से ठीक व उनका निराकरण कर दिया जाता है। नए सहकारिता अधि. में तो अब केवल पंजीयन भर का कार्य शासन का सहकारिता विभाग करता है, बाकी अब अंकेक्षण का कार्य भी संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मनोनीत अपनी पसंदके सन दी लेखाकर अर्थात चार्टर्ड बनाम करप्ट अकाउंटेंट से अपनी मनमर्जी और अपने हिसाब से करवा लिया जाता है, जो संस्था के सदस्यों के लिए पदाधिकारियों द्वारा शोषण को भी वैधानिकता की मुहर लगाने के कार्य आती है।

इस संबंध में म.प्र. शासन का सहकारिता विभाग भ्रष्टाचार के चलते, उपजिला पंजीयक, जिला पंजीयक से लेकर इनके अंकेक्षण सेल में बैठे अंकेक्षक निरीक्षक का भी हर गृहनिर्माण, साख संस्थाओं से महीना बंधा हुआ होता है। जिसके चलते वो अंकेक्षक जिन्हें इसकी नियमित जांच करना चाहिए, सदस्यों के शोषण धन के विनियम और उचित उपयोग सदस्यों के हित की देखरेख करने की जिम्मेदारी होती है, वे पदाधिकारियों के इशारे पर नाचते हुए अधिकांश खाते, लेखा जोखों को उनकेहिसाब से जोड़-तोड़ करते हुए भारी जालसाजियों को हवा देते रहते हैं।

यही कारण है कि ऐसी अनेकों संस्थाएं जो केवल कागजों पर चल रही होती हैं खुलकर शासन के सहकारिता को विकास देने के नाम पर और ऐसी ग्रामीण साख, विपणन संस्थाएं गृहनिर्माण आदि कागजों पर ही चलती पाई जाती है। इसके बाद भी शासन के सहकारिता के धूर्तों को धन मिलता रहता है और ऐसी कदम-कदम सैकड़ों संस्थाओं को ये पालते चलते रहते हैं।

बहुराष्ट्रीय कंपनी बीटी और जीएम बीजों की जालसाजी के विरुद्ध

महिला वैज्ञानिक का राष्ट्रहित में संघर्ष

मैगसाय पुरस्कार देकर मेरे हाथ में तो गोबर पकड़ा दिया गया था। पुरस्कार देकर सबको यह लगा था कि मैं चुप बैठ जाऊंगी पर मेरा यह अभियान तब तक चालू रहेगा जब तक कि भारत जैविक राज्य घोषित नहीं हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कंपनियां हमें भूसा खिला रही हैं। यह बात हमें जन-जन तक पहुंचानी है। हमारी लड़ाई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ है।

यह कहना है इको फेमिनिस्ट और हरितक्रांति चला चुकी देहरादून की डॉ. वंदना शिवा का,जिन्होंने अपने इस अभियान की शुरुआत चिपको आंदोलन से की थी। दस साल लड़ाई लड़ने के बाद हिमाचल प्रदेश के जंगल बचाने में वे कामयाब रही थीं। फिजिक्स में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय में नौकरी की पर नौकरी रास नहीं आई। देहरादून की खदानों पर शोध करने के दौरान उन्हें अहसास हुआ कि उनका एक प्रयास प्रकृति को बचा सकता है। नौकरी छोडी और रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की और 1987 में नवदानियां के नाम से आंदोलन शुरू किया। मुख्य उद्देश्य था जैविक खेती को बढ़ाना और बीजों की प्रजाति को सहेजना। डॉ. वंदना शिवा से हुई बातचीत के कुछ अंश-

इस आंदोलन की प्रेरणा कैसे मिली?

बहुराष्ट्रीय कंपनिया चाहती थीं कि हमारे खाने पर वो नियंत्रण कर लें। हमारी खेती पर लगाम कसने, कई किसान आत्महत्या कर रहे थे। कपास का उत्पादन करने वाले क्योंकि बीज इतने महंगे थे। हमने पांच बहुराष्ट्रीय कंपनियों के खिलाफ आवाज उठाई, जिसमें बीज बनाने वाली मोंसेटो, खाने के उत्पादन बनाने वाली कारगिल और उसके बाद प्रोसेसिंग में लगी पेप्सी और नेस्ले। हमने इन कंपनियों का विरोध शुरू किया और अभियान चलाया विलुप्त होते बीजों को बचाने का। दो बीज भी हमें मिले, हमने उसे सहेजा और उसकी प्रजातियां तैयार की। इस तरह विलुप्त हो रही तीन हजार धान की और सत्तर हजार गेहूं की किस्मों को हमने बचाया। जिसमें रागी, झंगोरा, करेनी, मासा, थपड़ा जैसी प्रजातियां थीं।

जैविक खेती पर जोर देने की वजह क्या थी?

बीटी कपास के कारण हर छह घंटे एक किसान आत्महत्या कर रहा था। पांच हजार किसानों ने अपनी जान गंवाई, क्योंकि यह इतना महंगा था। विदर्भ में हमने इसीलिए इस जैविक खेती की शुरुआत की, जिससे हमें दो साल में दस गुना आमदनी हुई और हमने अच्छा उत्पाद लोगों को दिया। हमारी कोशिश थी कि हमारे किसान सीधे मार्केटिंग करें। छह आउटलेट मुंबई, दिल्ली और देहरादून में बनाए। जाहिर था कि किसानों को आत्मविश्वास तो आया ही, उन्हें खेती में भी लाभ होने लगा।

जैविक खाद के विरोध का कारम क्या था?

ये जो विदेशी कंपनियां गेहूं का उत्पादन कर रही हैं उनका फोकस ब्रेड बनाने के लिए होता है, इसलिए वो जो गेहूं की किस्म तैयार करते हैं उसमें ग्लूटीन बहुत ज्यादा होता है। हम गेहूं के रूप में रोटी खाते हैं, जिसमें ग्लूटीन की जरूरत ही नहीं है। शायद लोगों को यह पता नहीं कि ग्लूटीन की ज्यादा मात्रा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसलिए हमें ऐसे उत्पाद की जरूरत थी जो हमारे स्वास्थ्य के हित में हो। पंजाब में जो गेहूं हो रहा है, उसमें एक प्रतिशत पोषण है। पुराने गेहूं में सिर्फ चौदह प्रतिशत प्रोटीन है। देखा जाए तो हम गेहूं, मक्की नहीं भूसा खा रहे हैं, इसलिए हमें जरूरत थी ऐसे किस्म से उत्पादन करने की जो हमारी देशी फसलें हैं और इसी के लिए हमने यह अभियान चलाया।

किस तरह से तैयार करते हैं जैविक खाद?

प्रकृति का नियम है कि कीड़े ही कीड़ों को मारते हैं पर जिस तरीके से रसायन उपयोग में लाया जाता है खेती में प्रकृति का हय नियम ही खत्म होता गया। हमने खाद, गोबर, गो-मूत्र, चारा, नीम का रस, करंज का रस जैसी वनस्पतियां मिलाकर जैविक खाद बनाने की शुरुआत की, जिससे फसलों को भी दो गुना लाभ हुआ। दरअसल **शेष पेज 7 पर**

वन परिक्षेत्र सिंगाजी की ओर से
समस्त राष्ट्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

आर.आर. मोधानिया	चौधरी	आर.एस. सावनेर
वन परिक्षेत्र अधिकारी सिंगाजी वन मंडला सामान्य	सहा. वन परिक्षेत्र अधिकारी सिंगाजी वन मंडल	सहा. वन परिक्षेत्र अधिकारी सिंगाजी वन मंडल

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
मां शारदा मेडिकल स्टोर्स
प्रो. रितुराज पांडेय मेनरोड, आशापुर

ग्राम पंचायत अमलपुरा भामगढ़ की ओर से
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच सचिव
ग्राम पंचायत भामगढ़
अमलपुरा जिला खंडवा म.प्र.

बेशकीमती सरकारी जमीनों को डकारने और अदला-बदली में...

भूमाफिया डकार गए अरबों की जमीनें

इसी सदी के महाघोटाले के तार नीमच से पकड़ में आए विदिशा और टीकमगढ़ में भी इस गोरखधंधे के तार बरसों से चल रहा है जमीन अदला-बदली का नापाक इस खेल में भाजपा और कांग्रेस के मठाधीश संलिप्त

भोपाल (डीएनएन)। म.प्र. में कौड़ियों के मोल की जमीन सरकार को टिपाकर बदले में करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन हथियाने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ हुआ है। एक इंच जमीन देने में आम आदमी से लंबी सरकारी कवायद कराने वाले शासन ने सरमायदारों की जमीन लेने के बाद बेशकीमती सरकारी जमीन थाली में परोसकर बांट दी। पटवा सरकार के समय हुए जमीन आवंटन के घोटाले, जगतपति समिति द्वारा की गई जांच में उजागरद्ध से भी बड़ा यह घोटाला है। इस सदी के इस महाघोटाले के तार नीमच से पकड़ में आना शुरू हुए, जहां दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की बेशकीमती सरकारी जमीनों के मालिक असरदार लोगहो गए और सरकार को दी बेमोल की जमीन। इसके बाद विदिशा और टीकमगढ़ में भी जमीनों की अदला-बदली के मामले सामने आने से राजस्व विभाग के आला अफसरों की आंखें फटी की फटीरह गईं। जमीनों की बंदरबाट के इस नापाक खेल की परतें उधड़ना शुरू हुई तो पता चला कि पूरे प्रदेश में प्राइवेट जमीन देकर सरकारी जमीन हथियाने वाला रैकेट बरसों से काम कर रहा है। बस जिला बदलने के साथ जमीन के मालिक बदलते गए। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी, तो अदला-बदली के इस खेल में राजनेताओं व अफसरों दोनों के हाथ रंगे हैं। इसमें शुचिता और सुशासन देने का दावा करने वाले भाजपाइयों के करीबियों के नाम सामने आए हैं तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने भी अपने रिश्तेदारों को उपकृत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सभी ने दोनों हाथों से सरकारी नियम-कायदों की आड़ में अपने चहेतों को जमीनों की बंदरबाट करवाई।

म.प्र. में सरकारी जमीनों के घोटाले, जमीन पर कब्जा करने के मामले तो सुने होंगे, लेकिन शासन द्वारा कौड़ियों के मोल की निजी जमीन लेकर बेशकीमती सरकारी जमीन बांटने के मामले पहली बार उजागर हुए हैं। बिच्छू डॉटकॉम की पड़ताल में मिले साक्ष्य चीख-चीखकर कर रहे हैं कि नौकरशाही व नेताओं के गठजोड़ ने किस तरह से प्रदेश के कई जिलों में सरकारी जमीनों के बदले कौड़ियों के मोल की निजी जमीन लेकर शासन को कंगाल कर दिया। इस गोरखधंधे को अब भी नहीं रोका गया, तो पूरे प्रदेश में कीमती सरकारी जमीन शासन के हाथों से निकल जाएगी।

प्रदेश में इस घोटाले की शुरुआत शासन के जमीन के बदले जमीन देने के एक नियम की आड़ में शुरू हुई। जमीनों के सौदागर माफियाओं ने इसकी आड़ में सरकार को कंगाल और निजी भूमि मालिकों को मालामाल बना दिया। अकेले नीमच जिले में सैकड़ों प्रकरणों में जमीन के बदले जमीन दी गई। इन मामलों में सरकार को किस तरह चूना लगाया गया, यह इससे ही साफ हो जाता है कि निजी भूमि मालिकों ने गांवों के अंदर की जमीन सरकार को टिपा दी और नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे व प्रमुख मार्गों वाली बेशकीमती सरकारी जमीन इन लोगों के नामे कर दी गई। नीमच जिले में सैकड़ों प्रकरणों में कंगालपतियों को करोड़पति बना दिया। नीमच में राजस्व विभाग की जांच में जैसे-जैसे मामले सामने आते गए जांच का दायरा भी बढ़ता गया। जिले में वर्ष 2001-02 से 2007-08 तक करीब 100 प्रकरण सामने आ चुके हैं। इनमें से सर्वाधिक 20 मामलों में जमीनों की अदली-बदली वर्ष 2006-07 में हुई। जबकि अपवाद स्वरूप कुछ मामले अस्वीकृत भी हुए।

नेताओं ने लिखी चहेतों के लिए नोटशीटः-

नीमच जिले में जमीनों की बंदरबांट में नेताओं का भी अहम रोल रहा। नेताओं ने जिम्मेदार पदों पर रहते हुए ऐसे लोगों को सिफारिश की, जो भू-माफिया है। नीमच-मंदसौर के कद्दावर राजनेताओं ने जमीनों के गोरखधंधे में जमीन माफिया को सहयोग के लिए लिखे गए पत्रों को देखकर इन नेताओं के भी माफिया से गठजोड़ की भी जांच होनी चाहिए।

कुछ मामलों की बानगी देखिए-

विदिशा जिला मुख्यालय पर बेतवा नदी के किनारे कांग्रेस के दिग्गज नेता के रिश्तेदार की जमीन थी। इस जमीन को अदला-बदली के नियम के तहत शासन के नामे कर दिया गया और शासन ने कांग्रेस नेता के रिश्तेदार को शहर की सबसे पॉश कालोनी अरिहंत विहार स्थित सरकारी जमीन दे दी। जानकर हैरानी होगी कि अरिहंत विहार की इस जमीन को लेने के लिए सरकारी विभागों ने आवेदन किया था, लेकिन कांग्रेस नेता के दबाव में उनका आवेदन कूड़ेदान में फेंक दिया गया और लंबी जद्दोजहद के बाद जमीन कांग्रेस नेता के रिश्तेदार को ही मिली। टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर ने शासन को 23 दिसम्बर 08 को अवगत कराया है कि यहां भी पूर्व मंत्री सुनील नायक की हत्या के मामले में फरार कांग्रेस विधायक बृजेंद्र सिंह राठौर के नाम वर्ष 1996-97 में बेशकीमती जमीन इसी अदला-बदली नियम के तहत की गई है।

नीमच जिले में पिछले दो सालों में 20 प्रकरणों में जमीन के बदले जमीन दी गई है। इन मामलों में गांव की बंजर जमीनों को भी सरकार को टिपा दिया गया और सरकार से मौके की बेशकीमती जमीन अपने नाम करा ली गई है।

नीचता देखिएः-

शासन से बेशकीमती जमीन लेने के बाद कुछ सरमायादारों की नीचता देखिए कि उन्होंने सरकारी जमीन के बदले में सरकार को दी गई अपनी जमीन भी नहीं छोड़ी। कुछ मामलों में सामने आया है कि जमीन की बंदरबाट में असरदारों ने सरकार से जमीन के बदले जमीन ले ली और अपनी जमीन भी कागजों में सरकार के नाम कर दी, लेकिन कब्जा नहीं छोड़ा। यानी सरकारी जमीन के मालिक बन गए और अपनी जमीन पर कब्जा कर शासन को ही ठेंगा दिखा रहे हैं।

अदला-बदली के सरकारी नियमः-

शासन द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार सरकारी जमीन से निजी जमीन की अदला-बदली के लिए दोनों जमीनों का समान मूल्यक ा होना जरूरी है। जमीनों की अदला-बदली में बारीकी से परीक्षण किया जाता है। यह स्थानीय प्रशासन स्तर से शुरू होता है और विभाग के मुखिया तक फाइल जाती है। राजस्व विभाग द्वारा प्रस्ताव को ओके किए जाने के बाद जमीन बदलने के फैसले पर मोहर शासन द्वारा लगाई जाती है। शासन द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार सरकारी जमीन से निजी जमीन की अदला-बदली के लिए दोनों जमीनों का समान मूल्य का होना जरूरी है। जमीनों की अदला-बदली में बारीकी से परीक्षण किया जाता है। यह स्थानीय प्रशासन स्तर से शुरू होता है और विभाग के मुखिया तक फाइल जाती है। राजस्व विभाग द्वारा प्रस्ताव को ओके किए जाने के बाद जमीन बदलने के फैसले पर मोहर शासन द्वारा लगाई जाती है।

इस तरह हुआ खुलासाः-

नीमच जिले में जमीनों की अदला-बदली का गोरखधंधा शिकायतों के मिलने के बाद उजागर हुआ। यह शिकायतें जागरुक लोगों ने पहले स्थानीय प्रशासन में की, लेकिन इस गोरखधंधे के कर्ताधर्ता ही जिले के अधिकारी थे, इसलिए शिकायतें दबा दी गई। बाद में यही शिकायतें राजधानी में पहुंचाई गई। नीमच के कुछ मामलों की शिकायतें राजस्व विभाग के आला अफसरों तक भेजी गई और जब यहां से जांच संबंधी कार्रवाई शुरू की गई तो पूरा मामला साफ हो गया। इसके बाद विभाग ने नीमच जिले में हुए सभी जमीन हस्तांतरणों के मामलों की सूची बुलवाई। सात साल में हुए जमीन हस्तांतरणों को बारीकी से खंगाला जा चुका है। कुछ पुराने रिकार्ड और मंगवाने की तैयारी का जा रही है।

इंदौर में म.प्र. लो.नि. के वर्तमान मुख्य अभियंता कार्यालय के चारों तरफ 300 एकड़ जमीन थी जो कि पूर्व में पत्रकार चौराहे से पश्चिम में सेंटर पाईंट पेट्रोल पम्प से पलासिया थाने और वहां से लेकर साकेत चौराहे तक थी, जिसकी वर्तमान में उस जमीन को बड़े-बड़े जादूगर न केवल निगल गए बल्कि वहां बड़े-बड़े बहुमंजिला भवन सीना ताने खड़े हैं। जिस पर किसी की नजर नहीं है। अकेले इंदौर में म.प्र. लो.नि.विभाग की सम्पत्ति पर बड़े-बड़े भूमाफियाओं का कब्जा है। एक बार पूर्व कलेक्टर मनोज श्रीवास्तव लो.नि.वि. में घुसकर जो फाइलें ले गए थे सन 03-04 में उनका अभी तक पता नहीं है। सूचना के अधिकार में इंदौर के मुख्य अभियंता को अनेकों पत्र दिए गए, जिनका जवाब वर्षों बाद अभी तक नहीं दिया गया है। इंदौर लो.नि.वि. सं.क्र. 1 के का.अ. सांवला को भी नहीं मालूम की कितनी सम्पत्तियां उनके अधिकार क्षेत्र में हैं, कितनों का किराया आ रहा है, कितनों के पट्टे समाप्त हो चुके हैं, इस भ्रष्टाचार में जिलाधीश कार्यालय ने भू-माफियाओं के इशारे पर फाइलें मंगवाकर गायब कर दी गई हैं, जिसमें अरबों रुपए की बेशकीमती जमीनें हैं।

यह कहानी केवल इंदौर की ही नहीं वरन् उज्जैन, ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर जैसे हर संभागीय स्तर के जिलों के साथ पूरे म.प्र. की है। जिसमें जिले के हर जिलाधीश ने पिछले 40वर्षों में अपनी धूर्त, मक्कारीपूर्ण भूमिका अदा कर दोनों हाथ से धन बटोर कर खिसक लिए हैं और सरकारी सम्पत्तियों, जमीनों पर भू-माफियाओं के कब्जे करवाकर बड़ी-बड़ी रहवासी कालोनियां कटवा दी, बड़े-बड़े बहुमंजिला इमारतें खड़ी करवा दीं। भोपाल में राज एक्सप्रेस के मालिक अरुण सहलोत ने ऐसी ही जमीनों पर 50 से ज्यादा, इंदौर में भी दस से ज्यादा ऐसी ही जमीनों, बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर बेच कर अरबों रुपए कमाया, जब पत्रकारों का ज्यादा दबाव पड़ा तो खुद ही राज एक्सप्रेस व राज टीवी चालू कर इस धूर्त ने अपनी सुरक्षा दीवारें खड़ी की, ताकि प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके, इसमें भी भोपाल का सन 85 से अभी तक हर कलेक्टर की भूमिका संदिग्ध रही है।

इन भू-माफियाओं के तार भोपाल, ग्वालियर के आयुक्त, भू-राजस्व व सचिव व भू-राजस्व और भू-अभिलेखागार से सीधे सन 1996 से ही जुड़े रहे हैं। अदला-बदली का खेल भी पिछले 30वर्षों से चल ही रहा है।

महिला वैज्ञानिक..

पेज 6 से जारी

बहुराष्ट्रीय कंपनियां रसायन खाद तो लाईं पर जब उनके उत्पाद असफल हुए तो प्रयोग पर प्रयोग करती रहीं। कपास की प्रजाति से खिलवाड़ किया, जो खादी वह हमारे देशी बीज से अच्छा बनता है पर फैक्ट्री में चाहिए लांग स्टेबल बीज, तो बीटी कपास ले आए। हाइब्रिट के साथ अमेरिकन बोलवम आया। बोलवम को रोकने के लिए कीटनाशक आया, ये फेल हुआ तो बीटी कपास आया। एक समस्या शुरू हुई तो यह प्रयोग करते गए। यही चीज मक्का के साथ हुई। अभी आज जो बाजारों में जो मक्की बिक रही है वो जानवरों के लिए है, जिसे हम खा रहे हैं। उसमें कई ऐसे वायरस हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इसके लिए हमने बीज नहीं खड़े किए। किसानों का अपना बीज बैंक। हमने किसानों को बताया कि अपने ही बीज से कैसे उत्पादन बढ़ सकता है। दूसरा हमने जैविक खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया। छह लाख किसान आज हमासे जुड़े हैं जाहिर है किसान का खर्च पर भी नियंत्रण हुआ। जो पैसा उसका रसायन खाद में खर्च होता था, वो बचा। किसान को अपना माल बाजार में पहुंचाना था, इसलिए हमने उनका हाथ थामा। उन्हें आर्गेनिक और रसायन में अंतर समझाया औरयह सब हुआ नवदानियां के जरिए।

आपको रोकने के लिए धमकियां भी मिली होंगी?

मिलीं न, आज भी मिल रही हैं। लालच भी दिया ये पुरस्कार के रूप में पर हम कहां रुकने वाले थे।

कुछ और प्रजातियां जो आपने बचाई हैं?

आजहम सोलह राज्यों में काम कर रहे हैं। हम अन्न स्वराज खड़ा करते हैं। क्वाटम थ्योरी में पीएचडी करने वाली वंदना शिवा जिसका बाटनी से दूर-दूर तक नाता नहीं था आज कुछ ऐसी प्रजातियां बचाने में कामयाब रही हैं जो किसानों के लिए फायदेमंद हैं। जैसे लाल धान, जिसका उत्पादन आज किसान कर रहे हैं, जिसमें भरपूर प्रोटीन है जिसका सलाद बनता है। उसका दाना भी लाल है। ये कैंसर से रोक थाम के लिए रामबाण दवा है। जिसकी आज दवाइयों के रूप में मांग की जा रही है। देहरादून में कैंसर की रोकथाम के लिए इसके इस्तेमाल पर रिसर्च चल रहे हैं एक धान की प्रजाति हमने बचाई है जो अट्ठारह फुट की है। सबसे बड़ी बात तो धान की हमने एक ऐसी प्रजाति तैयार की है जो नमक सहन कर लेती है और उन जगहों पर जहां भूकंप के बाद जमीन बेकार हो जाती है उसे उगाया जा सकता है। उड़ीसा में उसका सफलतापूर्वक उत्पादन हो रहा है। सुनामी में तीन-चार किलोमीटर तक समुद्र का पानी आ गया था और वो जमीन खेती के लिए बेकार हो गई थी, वहां हमने इस किस्म को बोया और हमें सकारात्मक परिणाम मिले, जबकि सरकार का कहना था कि पांच साल तक यहां खेती नहीं हो सकती। हमने उस जगह पर ये बीज बांटे।

मध्यप्रदेश के लिए क्या सोचा है?

मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में बीज बैंक स्थापित करने की योजना है और हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड की तरह मध्यप्रदेश को भी जैविक राज्य घोषित कराएं। आज सोलह राज्यों में हमारे बीज बैंक की सफलता इस बात की गवाह है कि किसान अच्छे-बुरे में अंतर समझने लगे हैं।

ग्राम पंचायत चारखेड़ा
जिला खंडवावासियों की ओर से
राष्ट्र के गणतंत्र दिवस
पर हार्दिक शुभकामनाएं

मांगीलाल ध्रुवे (सरपंच)
कौशल (सचिव)

ग्राम पंचायत चारखेड़ा

राष्ट्र के गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती बिस्सो बाई (सरपंच)
संजय कुमार यादव (सचिव)

ग्राम पंचायत जोगीखेड़ा जिला खंडवा, म.प्र.

साप्ताहिक
समय माया

जिस शाख पर आई.ए.एस. बैठा, अंजामे मंडल क्या होगा?

बिजली बेच और मुफ्त बांट
बिल भरने वालों को अंधेरा

इंजीनियर भ्रष्ट थे, आई.ए.एस. महाभ्रष्टों को लूटों, खाओ से मतलब म.प्र. विद्युत मंडल में जबसे इंडियन एव्यूसिंग सर्विस के श्वानों को बैठाया गया, भ्रष्टाचार और लूट कई गुना बढ़ी बाद में लिब्राइजेशन, प्राइवेटाइजेशन और ग्लोबलाइजेशन की आंधी में मंडल को टुकड़े-टुकड़े कर कंपनियां बनाकर इन श्वानों को प्रबंध संचालक बनाकर बैठाने से विद्युत मंडल में चारों तरफ लूटपाट की बाढ़ आ गई, इन हरामखोर मुखैरो की फौज को केवल येन-केन प्रकारेण धन वसूलने से मतलब होता है, फिर ये बी.ए.एम.ए. पास को विद्युत यांत्रिकीय का अ,ब,स,द नहीं मालूम होता, उन्हें केवल धन के प्रबंधन में इनका हिस्सा कहां और कितना होगा, उससे मतलब होता है उनकी बला से, उसमें रखरखाव के अभाव में क्या बर्बादी हो रही है, उनकी कंपनी में वर्षों से सब स्टेशनों के खम्भों पर एल्यूमिनियम और कॉपर पेंट नहीं हुआ है, अधिकांश ट्रांसफार्मर्स में ढंग से तेल, पानी और रखरखावों के अभाव में रंगरोंगन न होने केकारण जंग खा रहे हैं, उनका कार्यकाल आधा रह गया है, हो गया है, इन हरामखोरों को इस सबसे कोई मतलब नहीं, ये तो मेंटेनेंस, खरीदी में मोटा कमीशन बिजली चोरियों में मोटे, समायोजनों से धन डकारने में ही विश्वास रखते हैं।

विद्युत मंडल की सभी कंपनियों के निर्माण के बाद से इनका प्रबंधन कितना अच्छा है, इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसी ने भी कंपनी अधिनियमों 1956 के प्रावधानों के अनुसार 5-7 वर्षों में एक भी बार अपनी बैलेंस शीट और लाभ-हानि खातों का प्रकाशन दो अखबारों में तो जब करवाएंगे जबकि इनकी बैलेंस शीट और लाभ-हानि खाते बनाए गए होंगे। अर्थात लाभ-हानि और चिट्ठे इन जालसाजों ने अपनी जालसाजी छुपाने के लिए बनाए ही। बनवाए ही नहीं गए, जबकि इन 57वर्षों में हर कंपनी में 3-4 आईएएस बदले जा चुके हैं। फिर ये यहां काम करने नहीं वरन् अपना समय पास करने और येनकेन प्रकारेण धन समेटने की नियत से ही आते हैं। जो पूर्णतः तकनीकी ज्ञान, तकनीकी संस्थान के संचालन के अभाव में पूर्णतः शून्य होते हैं, फिर आई.ए.एस. मात्र राजस्व के प्रशासकीय कार्यों के लिए बनाए गए थे, ताकि इंजीनियरिंग संस्थान चलाने के लिए फिर ये जब ऐसे संगठनों में बैठकर धूर्तता और मक्कारों के साथ वहां के कार्यपालन अधीक्षण और मुख्य अभियंताओं के जानवरों की तरह हांकते हैं तो उनके स्वाभिमान पर आघात पहुंचता है, चूंकि वो शूकर इनसे बड़े पद पर बैठा हैं तो उसकी हां में हां करते हुए जैसा वो कहता है ये तकनीकी ज्ञान और त्रुटियों को दरकिनार कर करते रहते हैं तो बर्बादी तो निश्चित ही है।

जब तक मंडल इंजीनियरों के हाथ में था वो बीस वर्ष आगे की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर नियोजन करते थे, परंतु विश्व व्यापार संगठन के लिब्रालाइजेशन, प्राइवेटाइजेशन और ग्लोबलाइजेशन से चारों तरफ किस प्रकार बर्बादी की गई उसके ह्रप में म.प्र. विद्युत मंडल की वास्तरिकता सामने है। उसको पूरी दुनिया पर थोंपने वाला अमेरिका का किस स्थिति में वह भी दुनिया देख ही रही है।

म.प्र. विद्युत मंडल ने 1995 में ही म.प्र. की कुल आवश्यकता के अनुसार प्रदेश में 2004-2007 के लिए 6999-75 में वा. सन् 07-08 के 8689 मे.वा. बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा था, जिसके बदले में मात्र 4281.14 मे.वा. बिजली मिल रही है उसमें से भी 140 मे.वा. बिजली बेची जा रही है, तो मात्र जनता को परेशान कर जानबूझकर कर्मचारियों, अधिकारियों को वेतन न देकर यह सिद्ध करने की कोशिश की जा रही है कि कंपनियों के पास धन का अभाव है, लागत ज्यादा आ रही है जबकि कुल लागत का हजारों गुना ज्यादा वसूली की जाने के उपरांत भी मुखेरों की नियत ज्यादा लूटपाट करने की है फिर जो मुफ्त में बांटी व बेची जा रही है तो क्यों? अनाप शनाप इंजीनियर्स, वसूली व लूट कर रहे हैं क्यों?

फिर अपने हिस्से की बिजली एनएचडी से पुनासा इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर सरदार सरोवर से ही नहीं खरीद रहे हैं जो न केवल सस्ती है, वरन् उसमें पारेषण हानि भी कम होगी, इसके पीछे मात्र छह कंपने के एनडीआईए की नीच लूटने खाने की मानसिकता है और कीमतें का षड्यंत्र है, जबकि वास्तविकता यह है कि म.प्र. विद्युत मंडल में 05/02/08 के अनुसार विद्युत मंडल की साइटों पर जो आंकडे दिए जा रहे थे उसमें ताप विद्युत गृहों में संजय गांधी की कुल क्षमता 1340 मे.वा. है, परंतु क्षमता का 67प्रतिशत सतपुरा की कुल क्षमता 290 मे.वा. परंतु क्षमता का 42 प्रतिशत ही उत्पादन कर रहे हैं। अमरकंटक के पास कोयले 80673 टन सतपुडा के पास 41568 मे.वा. बिजली प्रदेश में अंधेरा करने के बाद बेची भी जा रही है और 4414 मे.वा. की मानग की पूर्ति की जा रही है। इंदिरा सागर से 323 मे.वा. ओंकारेश्वर से 156 मे.वा. बिजली मिल रही है, जबकि कुल ताप विद्युत गृहों से 2772.5 मे.वा. के बदले मात्र 1499 मे.वा. विद्युत ही प्राप्त हो रही थी, सरदार सरोवर से 109.64 मे.वा.मिल रही है।

06/2/09 के अनुसार विद्युत आपूर्ति जो इनकी साइट दिख रही थी, संभागीय स्तर पर 22 घंटे जबकि वास्तविकता में मात्र 18 घंटे, जिला स्तर पर 18 घंटे वास्तविकता में मात्र 14 घंटे तहसील स्तर पर 13 घंटे वास्तविकता में 10 घंटे, गांवों में 10 घंटे जबकि वास्तविकता में तीन फेस को भी 6 घंटे मुश्किल से आपूर्ति की जा रही है, गांवों में सिंगल फेस को बिलकुल भी विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है, यह इनकी साइट भी मानती है। इसी साइट में स्त्रोत में सी कालम में स्वीकार किया गया है कि बैकिंग/बिक्री के अंतर्गत 138.29 मे.वा. बिजली हर दिन अन्य राज्यों, बिजली उत्पादकों को आपूर्ति की जा रही है, जिले डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.एम.पी.-जीएवी.इन साइटों पर देखा जा सकता है।

अर्थात् चुनावों की समाप्ति के बाद जो चुनावों के लिए बिजली खरीदी की गई थी और बैंकिंग व्यवस्था के अंतर्गत उधार ली गई थी, उसे खर्च और कर्ज को पूरा करने के लिए कटौती कर उल्टे ही 138.29 मे.वा. बिजली वापिस की जा रही है।

इसी साइट के अनुसार ताप विद्युत के 2056.28 मे.वा. शेष पेज 2 पर

बिना बुलाए धन वसूल कर निर्णय दे रहे हैं आयुक्त
जालसाज, मुखैरे, गिद्धों का जमावड़ा सूचना आयोग
7-7 महीने तक निर्णय नहीं, निर्णय प्राप्त करने में भी आवेदन, फिर अपील

भोपाल। म.प्र. सूचना आयोग में भी बाबुओं, स्टेनों से लेकर तीन आयुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त भी कदम-कदम अपनी धूर्त मानसिकता और जालसाजियों का परिचय दे रहे हैं, ये हैं इस अधिनियम की पारदर्शिता लाने और जनता को राहत देने के हक के लिए बनाए गए सूचना आयोग में कार्य करने वालों का नीच और भ्रष्ट मानसिकता का जीते जागते उदाहरण-

इंदौर निवासी वल्लभ चौहान ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी इंदौर से जानकारी मांगी वहां बैठे जालसाज धूर्त, मक्कार बाबुओं से लेकर तत्कालीन क्षे.प.अ. गिरीश मोहन पाठक ने जानकारी नहीं दी। चौहान ने अपनी लगाई, राहत नहीं मिली, उन्होंने दूसरी अपील लगाई। प्रथम आवेदन दिनांक 03.01.07 को दिया गया। प्रथम अपील जिलाधीश इंदौर को, 08.02.07 को लगाई गई। मार्च 07 में दूसरी अपील लगाई गई।

अब सूचना आयोग के हरामखोरों की जालसाजी देखिए कि उन्हें बुला कर रुपए 24.04.08 अपील सुनी तो गई, चूंकि इंदौर की अपील आयुक्त इकबाल देखते हैं। उनका स्टेनो सक्सेना हर आगंतुक प्रतिवादी से लेनदेन की बात अलग बुलाकर कर लेता है, जिससे सेटिंग हो जाती है। उसमें आयुक्त इकबाल अहमद ने भी अपीलार्थी से कहा इन्हें छोड़ दिया जाए, क्योंकि आयुक्त की व्यवस्था कर दी गई थी, इसलिए आयुक्त ने 24.04.08 को अपील सुनने के बाद भी कोई निर्णय नहीं दिया।

बाद में अपीलार्थी ने आयोग के निर्णय का 6 माह इंतजार किया, परंतु हरामखोरों को धन मिल गया था, तो निर्णय कैसे देते। निर्णय प्राप्त करने के लिए आयोग में श्री चौहान को सूचना के अधिकार में आवेदन दिया तो ये आयोग में बैठ डकार गए। आवेदक ने पुनः उसकी भी अपील आयोग में की तब जाकर इन भ्रष्टों को चैतन्यता आई और उस 24.04.08 की सुनवाई की निर्णय 20.1.09 को निर्णय देते हुए प्रतियां उपलब्ध करवाई गईं।

आवेदक श्री अजमेरा की अनेकों द्वितीय अपीलें आयोग में वर्ष भर से ज्यादा लंबित हैं, ये हरामखोर जालसाज अपीलों के पंजीयन में जालसाजी करते हुए किसी में पंजीयन में प्रतिप्रार्थी का नाम नहीं देते, दूसरा किस दिनांक में अपील की दी गई है उसकी जानकारी देते हैं तो इनके पंजीयन के पत्रों से ये मालूम नहीं पड़ता कि किसके विरुद्ध अपील स्वीकृत कर पंजीकृत की गई है।

इनके भ्रष्टाचार और जालसाजी का दूसरा नमूना किए बिना अपीलार्थी को सूचना दिए बिना ही बाले-बाले अपीलें सुनकर धन सूल कर धड़ल्ले से अपीलें निरस्त कर रहे हैं, क्योंकि इन गिद्धों को वही टुकड़े मिल जाते हैं तो ये क्यों अपीलार्थी और फिर वो भी श्री अजमेरा कैसे बुला सकते हैं। हाल ही में इन शूकरों ने 21.01.09 ने 28.1.09 लोक सूचना अधिकारी जलसंसाधन विभाग उदयन मार्ग उज्जैन और मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग उज्जैन की अपीलें एक तरफा सुनकर इन शूकरों ने धन वसूल कर निरस्त कर दी, जबकि दोनों में दोनों ही लोक सूचना अधिकारी जानकारी न देने के स्पष्ट दोषी थे।

बिना अपीलार्थी को बुलाए सूचना आयोग में बैठे गिद्ध धन वसूली कर दसियों निर्णय दे चुके हैं, क्योंकि अपीलार्थी इन भ्रष्टों की हर गतिविधि पर वहां नजर रखता है, कि पहले हर विभाग का प्रतिप्रार्थी को स्टेनो सक्सेना से मिलने के लिए कहा जाता है, जब सेटिंग हो जाती है, लेन-देन की तो चुपचाप अपीलों में स्पष्ट सूचना अधिकार का उल्लंघन होने पर भी अपीलें निरस्त कर दी जाती है।

ऐसे ही एक निर्णय में अपीलार्थी श्री अजमेरा को बिना अपील सुनने के दिनांक 29.01.09 की जानकारी का पत्र भेजे बिना अध्यक्ष एवं प्रबंध निर्देशक म.प्र. पश्चिम विद्युत वितरण कं. इंदौर की अपील को इस आयुक्त इकबाल अहमद ने शब्दों के मायाजाल में उलझा कर निरस्त कर दिया। अपीलार्थी वल्लभ चौहान को भी क्षेत्रीय कार्यालय परिवहन विभाग इंदौर के विरुद्ध दो अपीलों में भी बिना बुलाए इस मुखैरे श्वान आयुक्त इकबाल अहमद ने एक तरफा निर्णय दे दिया। आखिर मुख्यमंत्री शिव जो सत्ताधीश राक्षसी प्रवृत्ति शेष पेज 2 पर

भारतीय वित्त मंत्रालय और बैकिंग का कारनामा
जालसाजों को 600 करोड़
सत्यम पर लुटाएंगे जनता की कमाई

नई दिल्ली। 99प्रतिशत कंपनियां अपनी बैलेंस शीट में भारी जालसाजियां करती हैं। सत्यम कम्प्यूटर्स लि. के मामले में ये सिद्ध होने के बाद भी रुपए 600 करोड़ का राहत पैकेज देकर कांग्रेसी जालसाज जनता से कस्टम, एक्साइज, आयकर, विक्रय कर के ह्रप में नोंची व वसूली गई राशि को सत्यम कम्प्यूटर्स लि. पर लुटाएगी, आखिर क्यों?

कांग्रेसी श्वानों का पैसा कहीं न कहीं सत्यम में उलझा है, उससे और भी कई राजनीतिक पार्टियों के मंत्री भी होंगे विशेषतौर पर इस दक्षिण भारत की कंपनी में संभवतः पूर्व वित्तमंत्री पी. चिदंबरम का पैसा भी फंसा हुआ होने के साथ बड़ी शेयर होल्डिंग भी होगी, यही कारण था कि उसके पूर्व प्रबंध संचालक राजू के इतने बड़े कांड पकड़ में आने के बाद भी अपने वित्तमंत्री होने का फायदा देते हुए अपना पैसा निकालने और वसूली करने के लिहाज से ही यह इन हरामखोर सफेदपोश डकैतों ने जनता के धन का थोड़ बहुत नहीं वरन् रुपए 600 करोड़ का राहत पैकेज सरकार दे रही है। जनता का धन इनकी बपौती नहीं जो कहीं भी और कैसे भी लुटाया जाए। ये भ्रष्टाचार की गंदगी चाटने वाले गरीबों से निवाला छीनकर पेट्रोल, डीजल पर 200 से 500 प्रतिशत लाभ विक्रय कर कस्टम एक्साइज वसूल कर कैसे अपने पेट भरने के लिए लुटाया जा रहा है ये उसका ठोस व पुख्ता प्रमाण है।

प्रतिबंधात्मक सूचना

इस समाचार पत्र एवं वेबसाइट में प्रकाशित समाचार सामग्री का पूर्ण-अपूर्ण या उसके आधार पर बनाये गये अन्य समाचार, टीवी समाचारों, टीवी एपिसोड, इंटरनेट साइटों पर नगर, प्रदेश व राष्ट्र या राष्ट्र के बाहर विश्व में किसी समाचार पत्र पत्रिका, टीवी समाचारों, डाक्यूमेंट्री या धारावाहिकों में बिना लिखित आदेश व अनुमति के उपयोग न करें. अन्यथा कॉपी राइट एक्ट के अंतर्गत इन्दौर न्यायालय में क्षतिपूर्ति एवं कानूनी कार्यवाही की जा सकती है एवं किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा। इस समाचार पत्र की प्रतियां लेकर कुछ जालसाज ढोंगी पत्रकार होने का ढोंग कर पैसे, चंदा, सम्मेलनों के नाम पर धन वसूली करने की शिकायतें मिल रही हैं. ऐसी किसी भी अवस्था में आप सीधे मोबाइल पर चर्चा कर स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं. अन्यथा सीधी पुलिस और कानूनी कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र हैं.

आज्ञा से
प्रधान संपादक

स्वामित्वाधिकारी, प्रधान संपादक एवं प्रकाशक अजमेरा एस.पी. कुमार के लिए मीडिया वर्ल्ड कम्यु. 299-अंबेडकर नगर, इन्दौर के लिए नवनीत प्रिंटर्स जेल रोड, इन्दौर द्वारा मुद्रित. बडवानी प्रतिनिधि-नरेश नायक मो. 94250-90602, भुपेन्द्र बिल्लोरे मो.99934-49774
कम्प्यूटराईजेशन- सुनील जोशी 93290-40982, भोपाल प्रतिनिधि एस.के. भारद्वाज मो.94256-37958, इन्दौर कार्या. फोन 2304377 मो. 93007-55803